# अर्धवार्षिक परीक्षा, 2018-19

## हिन्दी

**अवधि - 3 घंटे** **कक्षा - नवमी** **पूर्णांक - 80**

**विद्यार्थी का नाम ............................................................................................ वर्ग ...... दिनांक - 20.9.2018 (गुरूवार)**

**निर्देश: -**

- **इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ ।**
- **चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।**

## खण्ड - क

**प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

साक्षरता का अभिप्राय है - अक्षर-ज्ञान। अक्षर-ज्ञान के बिना शिक्षा का विकास संभव नहीं है। एक वक्तव्य के अनुसार चिंतन का आधार मन है। यह ज़रूरी नहीं कि अक्षर-ज्ञान से ही कोई समझदार बन सकता है। विचार में साक्षरता, शिक्षा नहीं है, परंतु हमारे विचार में अक्षर-ज्ञान के बिना चिंतन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती। अक्षरों से शब्द बनते हैं, शब्दों से वाक्य और वाक्यों से भाषा का रूप तैयार होता है।

किसी बात को समझने तथा समझाने के लिए भाषा अनिवार्य है। अत: अक्षर-बोध के बिना भाषा-ज्ञान नहीं हो सकता और भाषा के अभाव में न विचारों की अभिव्यक्ति हो सकती है,न चिंतन हो सकता है,न एक-दूसरे के विचारों को समझा जा सकता है और मनुष्य का जीवन-स्तर पशुओं से ऊपर ले जाना भी दुष्कर होगा। इसलिए साक्षरता के बिना मानव-जीवन में किसी प्रकार की आशा व्यर्थ है।

भारत में बहुत समय तक राज्य सरकार द्वारा शिक्षा का समुचित प्रबंध न किए जाने से इतने बड़े देश में निरक्षर लोगों की संख्या बढ़ गई। इससे शिक्षा प्राप्ति के सारे मार्ग रूक गए और प्रगति के लिए चिंतन कार्य न हो सका। फलत: कई सदियों तक इस देश में वैज्ञानिक प्रगति शून्य के बराबर रही, जिससे आर्थिक विषमताओं का प्रकोप झेलना पड़ा।

(i) अक्षर-ज्ञान के बिना शिक्षा का विकास क्यों संभव नहीं है ? (1)

(ii) भारत को आर्थिक विषमताओं का प्रकोप क्यों झेलना पड़ा ? स्पष्ट कीजिए। (2)

(iii) मनुष्य के जीवन-स्तर को पशुओं से ऊपर ले जाना कब दुष्कर हो जाएगा ? (2)

(iv) भारत जैसे बड़े देश में निरक्षर लोगों की संख्या क्यों बढ़ गई ? (2)

(v) 'वैज्ञानिक' शब्द में निहित मूल शब्द व प्रत्यय क्या है ? (1)

**प्र.2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

शैतानियत और हैवानियत के बीच एक
अदद इंसान खो चला है
इंसानियत से यह संसार
सुनसान हो चला है।
संवेदनाएँ मर चुकी हैं
निर्दयता विराटकार ले चुकी है
मौत के आगोश में चले जाने पर सहज
विश्वास होने लगा है
ज़िंदा रहने की बात पर शक का
आभास रहने लगा है
जानें सस्ती हो गई हैं
क्योंकि प्रतिष्ठा और दौलत महँगी हो गई है।
सौ-सौ बार का सच भी झूठ लगने लगा है
और एक बार का झूठ भी सच लगने लगा है।
और जो है ज़िंदगी
आधुनिक कहलाती।
इंसानी लाश पर
प्रगति के पुल बनाती
कुछ पता नहीं,कहाँ जाती,सरपट भागती
आस्थाओं, विश्वासों, मूल्यों को ठुकराती।

(i) "संवेदनाएँ मर चुकी हैं" का भाव स्पष्ट कीजिए । (2)

(ii) काव्यांश के आधार पर बताइए कि सच भी झूठ क्यों लगने लगा है ? (1)

(iii) आधुनिक ज़िंदगी कैसी हो गई है ? (1)

(iv) आज के समय में क्या महँगी हो गई है ? (1)

(v) 'इंसानियत' शब्द से मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए । (1)

(vi) ज़िंदगी प्रगति के पुल पर क्या-क्या ठुकराती जा रही है ? (1)

## खण्ड - ख

**प्र.3** **(i) अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद बताइए -** **(3)**

(क) शायद बच्चा निबंध लिख रहा होगा।

(ख) रोगी उठ-बैठ नहीं सकता।

(ग) भारत तेज़ी से विकास कर रहा है।

**(ii) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए -** **(2)**

(क) अरमान पुस्तक पढ़ता है। (प्रश्नवाचक वाक्य)

(ख) गाड़ी देर से आएगी। (संदेहवाचक वाक्य)

**प्र.4** **(i) अलंकार बताइए -** **(4)**

(क) काँपा कोमलता पर सस्वर, ज्यों मालकोश नव वीणा पर

(ख) कालिंदी कूल कदंब की डारन

(ग) चरण-कमल बंदौ हरिराई

(घ) तीन बेर खाती थीं वे तीन बेर खाती हैं।

**(ii) उपमा अलंकार का उदाहरण लिखिए ।** **(1)**

## खण्ड - ग

**प्र.5** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

आज दोनों के सामने फिर वही सूखा भूसा लाया गया। दोनों चुपचाप खड़े रहे। घर के लोग भोजन करने लगे। उस वक्त छोटी-सी लड़की दो रोटियाँ लिए निकली, और दोनों के मुँह में देकर चली गई। उस एक रोटी से इनकी भूख तो क्या शांत होती; पर दोनों के हृदय को मानो भोजन मिल गया। यहाँ भी किसी सज्जन का वास है। लड़की भैरो की थी। उसकी माँ मर चुकी थी। सौतेली माँ उसे मारती रहती थी,इसलिए इन बैलों से उसे एक प्रकार की आत्मीयता हो गई थी।

दोनों दिन-भर जोते जाते,डंडे खाते,अड़ते। शाम को थान पर बाँध दिए जाते और रात को वही बालिका उन्हें दो रोटियाँ खिला जाती।

प्रेम के इस प्रसाद की यह बरकत थी कि दो-दो गाल सूखा भूसा खाकर भी दोनों दुर्बल न होते थे,मगर दोनों की आँखों में, रोम-रोम में विद्रोह भरा हुआ था।

(क) बैलों को रोटी खिलाने कौन आती थी ? **(1)**

(ख) छोटी बच्ची के दिल में बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया? **(2)**

(ग) छोटी बच्ची की लाई रोटी से बैलों की भूख शांत क्यों हो जाती? **(2)**

**प्र.6** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(2×5=10)**

(क) लेखक लङ्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गया ?

(ख) कांजीहौस में कैद पशुओं की हाज़िरी क्यों ली जाती होगी ?

(ग) किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी-प्रेमी बना दिया ?

(घ) लेखक ने शेकर विहार में सुमति को उसके यजमानों के पास जाने से रोका, परंतु दूसरी बार रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया ?

(ड.) लॉरेंस की पत्नी फ्रीडा ने ऐसा क्यों कहा होगा कि "मेरी छत पर बैठने वाली गौरेया लॉरेंस के बारे में ढेर सारी बातें जानती है ?"

**प्र.7** **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन ।
जौ पसु हौं तो कहा बस मेरो चरौं नित नंद की धेनु मँझारन ॥
पाहन हौं तो वही गिरि को जो कियो हरिछत्र पुरंदर धारन ।
जौ खग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन ।

**(क)** कृष्ण का सामीप्य पाने के लिए कवि क्या कामना करता है ? **(2)**

**(ख)** कवि पक्षी बनकर कहाँ वास करना चाहता है ? **(1)**

**(ग)** सवैये का मूल भाव क्या है ? **(2)**

**प्र.8** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(2×5=10)**

**(क)** किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या उसके कर्मों से ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

**(ख)** **'ज्ञानी'** से कवयित्री का क्या अभिप्राय है ?

**(ग)** किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है और क्यों ?

**(घ)** कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है ?

(ड.) इस संसार में सच्चा संत कौन कहलाता है ?

**प्र.9** 'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है ' - इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए । **(5)**

**अथवा**

डराने-धमकाने, उपदेश देने या दवाब डालने की जगह सहजता से किसी को भी राह पर लाया जा सकता है - पढ़े गए पाठ के आधार पर तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

## खण्ड - घ

**प्र.10** **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए -** (10)

**(i) आधुनिक नारी की दोहरी भूमिका**

**संकेत बिंदु :**

* भूमिका
* आधुनिक काल में नारी में जागृति
* नारी की आर्थिक दशा
* नारी के नौकरी करने के अच्छे और बुरे परिणाम
* उपसंहार

**(ii) परिश्रम ही सफलता की कुंजी है**

**संकेत बिंदु :**

* भूमिका
* प्रकृति और परिश्रम
* सफलता का चुनाव
* परिश्रम से मिलने वाली खुशी
* उपसंहार

**(iii) समय सबसे बड़ा धन है**

**संकेत बिंदु :**

* भूमिका
* समय का महत्त्व
* मानव की अमूल्य निधि समय की पहचान
* समय का सही उपयोग करने वाला ही सफल
* उपसंहार

**प्र.11** आप विद्यालय के छात्रों के साथ एक ट्रेकिंग कैंप में जाना चाहते हैं, पर आपके पिता जी ऐसा नहीं चाहते हैं। उन्हें ऐसे कैंपों की उपयोगिता समझाते हुए पत्र लिखिए । (5)

**अथवा**

आपके विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी भाषा की और अधिक मासिक पत्र-पत्रिकाएँ मँगवाने हेतु प्राचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए ।

**प्र.12** अपने विद्यालय के शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए दो छात्रों के मध्य हुए वार्तालाप को संवाद रूप में लिखिए । (5)

**अथवा**

मेले में जाने के लिए तैयार दो बच्चों के मध्य का संवाद लिखिए ।